एक नजर में

सिविल अस्पताल कन्नौद में दस्तक अभियान शुरू

कन्नौद। सिविल अस्पताल कन्नौद में दस्तक अभियान का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष जाट, नगर पंचायत उपाध्यक्ष संदीप धूत एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश जोशी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बीएमओ डॉ लोकेश मीणा ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार 0 से 5 वर्ष के बच्चों में होने वाली बीमारियों और बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए दिनांक 14 जुलाई से 31 अगस्त तक दस्तक अभियान का प्रथम चरण चलेगा। दस्तक दल जिसमें एएनएम ,आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में निर्धारित दिवस में घर-घर जाकर स्वास्थ्य की दस्तक देंगे। इस दौरान दल के द्वारा कुपोषण, डायरिया, निमोनिया की जांच और अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित बच्चों की जांच की जाएगी ।दल के द्वारा घर पर प्रत्येक बच्चे को दो दो ओआरएस के पैकेट तथा 14 जिंक की गोली का वितरण किया जाएगा द्य दस्त रोग से पीड़ित बच्चों का प्रोटोकॉल अनुसार उपचार व रेफरल सेवा दी जावेगी द्य 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को विटामिन ए की तथा 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को आयरन फोलिक एसिड की दवा पिलाई जाएगी। गंभीर बीमारियों से पीड़ित बच्चों को रेफर किया जाएगा और शेष बच्चों का समुदाय स्तर पर इलाज एवं प्रबंधन किया जावेगा ।जांच के दौरान यदि गंभीर कुपोषित बच्चे मिलते हैं तो उनको एनआरसी में भरती कर उनका कुपोषण दूर किया जाएगा ।कमजोर बच्चों को कुपोषण दूर करने के लिए आहार संबंधी तथा माता को स्तनपान के संबंध में सलाह दी जावेगी ।दस्तक अभियान के शुभारंभ के अवसर पर प्रभारी महिला बाल विकास अधिकारी सपना शुक्ला ,सिविल अस्पताल कन्नौद से बीईई दिनेश साहू,बीपीएम प्रदीप पवार बीसीएम विनोद भंवर,मलेरिया इंस्पेक्टर धूम सिंह बघेल, नर्सिंग ऑफिसर वंदना मंडलोई, शोभा कुकडे,नीरज नितनवरे, योगेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

अमावस्या पर धाराजी में आस्था की डुबकी

बागली। बागली विकासखंड के अंतिम छोर पर स्थित मां नर्मदा धाराजी तट पर आषाढ़ माह की भौम अमावस्या अवसर पर मगंलवार को सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं के स्नान करने का सिलसिला प्रारंभ हो गया, जो देर शाम तक निरंतर जारी रहा। इंदौर उज्जैन देवास बागली खडंवा सहित आसपास के क्षेत्रों से निजी वाहनों से आकर हजारों श्रद्धालुओं ने धारा जी घाट पर स्नान करते हुए पूजा-अर्चना के साथ दान किया कुछ श्रद्धालुओं ने इस अवसर पर मां नर्मदा के रुप में कन्या पूजन किया श्रद्धालुओं ने इस दौरान हलवे का प्रसाद, दाल-बाटी एवं अन्य भोजन प्रसादी का वितरण किया । हमेशा की तरह धाराजी तट पर पातालपुरी बाबा एवं लाल बाबा द्वारा अपने-अपने अनुयायियों के सहयोग से भोजन भंडारे आयोजीत किये गया। जटाशंकर सेवा समिति के सदस्यों ने भी प्रात: 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था कर सेवा कार्य किया। स्नान एवं पूजा-अर्चना करने वालों में क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा बोल बम कावड़ यात्रा संयोजक गिरधर गुप्ता, आचार्य रतन सिंह सेंधव, अल्केश जादव, ललित मेहता, विमल जैन, राहुल गुप्ता, डॉ. राघवेंद्र जाधव, दिलीप पटेल, तुषार जाधव सहित हजारों श्रद्धालु शामिल रहे।

पिपरी में भी हुए आयोजन- मनोकामनायेश्वरी नर्मदा मंदिर पीपरी (सनातन विचार मंच) में श्री नागर चित्तौड़ा समाज इंदौर एवं सोनकच्छ के गुप्त दानदाताओं के सहयोग से कन्या भोज का आयोजन किया । सीता माता मंदिर परिसर में भी कन्या भोज एवं प्रसादी की व्यवस्था रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण पिपरी से धाराजी के बीच संकरे मार्ग पर कई स्थानों पर 10 से 15 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। इसके बावजूद श्रद्धालुओं में उत्साह कम नहीं हुआ। बड़ी संख्या में भक्तों ने पिपरी से धाराजी मार्ग के जंगलों में दाल-बाटी बनाकर धार्मिक पर्व का आनंद लिया।

अधिकारियों की सुस्ती भारी मूंग खरीदी शुरू नहीं

कांटाफोड़। सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की योजना चला रही है, लेकिन कांटाफोड़ क्षेत्र में अधिकारियों की सुस्त कार्यप्रणाली के कारण यह योजना धरातल पर उतरती नजर नहीं आ रही है। खरीदी केंद्र निर्धारित होने और पोर्टल पर कांटाफोड़ सोसायटी का नाम प्रदर्शित होने के बावजूद खरीदी शुरू नहीं हो सकी है। ऐसे में किसान पिछले 15 दिनों से तुलाई शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि मूंग की फसल तैयार होकर घरों और गोदामों में रखी हुई है। कई किसान खरीदी केंद्रों पर जानकारी लेने पहुंचे, लेकिन उन्हें खरीदी शुरू होने की कोई स्पष्ट तारीख नहीं बताई गई। इससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। खुले बाजार में समर्थन मूल्य से कम भाव मिलने के कारण किसान अपनी उपज बेचने से भी बच रहे हैं और सरकारी खरीदी शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि जब शासन ने खरीदी केंद्र तय कर दिए हैं और पोर्टल पर भी केंद्र प्रदर्शित हो रहा है, तो फिर खरीदी शुरू कराने में देरी क्यों हो रही है। उनका कहना है कि हर दिन की देरी से भंडारण की समस्या बढ़ रही है और लंबे समय तक उपज रखे रहने से उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने का भी खतरा है। बड़ी चिंता यह है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित की गई है।

एसडीएम की फटकार से हड़कंप

जनसुनवाई में खुली शिक्षा विभाग की पोल

श्मशान के सामने बनी स्कूल बिल्डिंग

टोंक खुर्द। टोंकखुर्द तहसील मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब शिक्षा विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई। जनसुनवाई में मामलों का निराकरण कर रहीं एसडीएम रितु चौरसिया ने लापरवाही और गैर-जिम्मेदाराना रवैये को लेकर बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स समन्वयक) अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों की शिकायतें सुनने के बाद एसडीएम का पारा चढ़ गया और उन्होंने अधिकारियों को आड़े हाथों लिया।

श्मशान के सामने बना दिया

स्कूल, ग्रामीण बोले— जहां जाने से डरते हैं, वहां बच्चे कैसे पढ़ेंगे।

जनसुनवाई में डींगरोदा गांव के ग्रामीणों ने एक बेहद हैरान करने वाला मामला उठाया। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षा विभाग ने गांव के श्मशान घाट के ठीक सामने स्कूल भवन का निर्माण करवा दिया है। ग्रामीणों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा जब श्मशान के सामने कोई आम इंसान अपना घर तक नहीं बनाता, तो वहां बच्चों के लिए स्कूल भवन कैसे खड़ा कर दिया गया? जिस जगह पर जाने से आम आदमी भी दिन में डरता है, वहां हमारे मासूम बच्चे बैठकर शिक्षा कैसे ग्रहण करेंगे?

इस गंभीर मामले को सुनते ही एसडीएम रितु चौरसिया भड़क गईं और उन्होंने मौके पर मौजूद बीआरसी अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए इस पर तुरंत जवाब तलब किया।

तिनदुरिया में जर्जर भवन में तिरपाल के साए में पढ़ने को मजबूर नौनिहाल

लापरवाही का यह इकलौता मामला नहीं है। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत तिनदुरिया का मामला भी गूंजा। यहां का शासकीय स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बारिश के इस मौसम में छत टपकने के कारण स्कूल स्टाफ और बच्चे छत पर बरसाती (तिरपाल) डालकर बैठने को मजबूर हैं।

माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में जिले के 125 समाजबंधु करेंगे गिरिराज तीर्थ यात्रा

लोहरदा/देवास। माहेश्वरी युवा संगठन, जिला देवास के तत्वावधान में आगामी 14 अगस्त को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 125 युवा, महिलाएं एवं बच्चे रेलमार्ग से इंदौर एवं देवास से गिरिराज तीर्थ यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे। जिला अध्यक्ष राम सिंगी (कांटाफोड़) एवं जिला सचिव अर्पित मुंदड़ा ने बताया कि इस चार दिवसीय धार्मिक यात्रा में जिलेभर के समाजबंधु एक साथ सहभागी होंगे। यात्रा के दौरान रेल टिकट, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं संगठन द्वारा की गई हैं। उन्होंने बताया कि यह यात्रा 14 अगस्त से 17 अगस्त तक रहेगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालु गिरिराज महाराज की परिक्रमा एवं दर्शन सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे।

एबनेजर स्कूल में आरआरआर सेंटर का निगमायुक्त ने किया शुभारंभ

- पर्यावरण संरक्षण का संदेश 5 सौ से अधिक पौधों का हुआ रोपण

देवास। नगर निगम द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर इबेनेजर स्कूल में आरआरआर (रिड्युज,रियुज, रिसायकल) सेंटर का शुभारंभ निगमायुक्त आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयुक्त ने आरआरआर सेंटर में रखी गई विभिन्न पुन: उपयोग योग्य सामग्रियों का अवलोकन किया एवं सेंटर की कार्यप्रणाली की जानकारी ली तथा निगम सहयोगी संस्था ओम साईं विजन एवं उसकी आईईसी टीम द्वारा स्वच्छता एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे

कार्यों की सराहना करते हुए सभी टीम सदस्यों की प्रशंसा की।

कार्यक्रम के दौरान आयुक्त द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया। विद्यालय द्वारा आयोजित ग्रीन डे सेलिब्रेशन के अंतर्गत 550 से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। आयुक्त ने उपस्थित शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वृक्ष वायु प्रदूषण को कम करने तथा हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही आयुक्त ने उपस्थित शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरे के स्रोत स्तर पर पृथक्करण (सेग्रीगेशन) स्वच्छता के महत्व तथा आरआरआर की अवधारणा एवं उसके उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि उपयोग योग्य सामग्री को आरआरआर सेंटर तक पहुंचाकर पुन: उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा दें तथा स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्यों के लिए निगमायुक्त दलीप कुमार द्वारा विद्यालय के डायरेक्टर अशोक जोशी को स्वच्छता सम्मान प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

टोंकखुर्द के सालमखेड़ी से 335 क्वार्टर शराब बरामद

- अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

टोंकखुर्द। अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय और परिवहन करने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा लगातार सख्त रुख अपनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर आबकारी वृत्त टोंकखुर्द के अंतर्गत ग्राम सालमखेड़ी में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। विभाग ने मौके से भारी मात्रा में अवैध देशी मदिरा जब्त कर एक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

कलेक्टर व जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में कार्रवाई

यह पूरी कार्रवाई देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह के कुशल निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती बसंती भूरिया के मार्गदर्शन में संचालित विशेष अभियान के तहत की गई। विभाग की इस निरंतर मुस्तैदी से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

आरोपी की पहचान व कानूनी कार्रवाई-मामले में अवैध शराब का संग्रहण करने वाले अभियुक्त जगदीश मालवीय के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधित 2000) की धारा 34(1) क एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। विभाग ने मामला विवेचना में ले लिया है।

जानकारी मिलते ही की कार्रवाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार को आबकारी टीम को मुखबिर से ग्राम सालमखेड़ी में अवैध शराब संग्रहण की सूचना मिली थी। टीम ने तुरंत दबिश देकर मौके से 335 पाव देशी मदिरा प्लेन (कुल 60.3 बल्क लीटर) बरामद की, जिसे अवैध रूप से बेचने और स्टोर करने के उद्देश्य से रखा गया था।

बीमार होना सरल है, लेकिन ठीक होने में वर्षों लग जाते हैं बाबू : आचार्य प्रसन्नसागर

सोनकच्छ। मन नहीं होने पर भी शुभ कार्य करते रहो... और इच्छा होने पर भी गलत कार्य मत करो, क्योंकि गलत कार्य का प्रारंभ अच्छा है, लेकिन अन्त बड़ा दु:खद है। शुभ कार्य का प्रारंभ कठिन है परन्तु अन्त सुख, शान्ति, आनंद वर्धक है। इसलिए अपना काम खुद करो। काम मानकर नहीं, उसे कर्तव्य और कला मानकर करो। यह बात गुरुदेव ने प्रतिदिन होने वाले अंतर्मना उवाच के माध्यम से अपने भक्तों को कहीं।

उन्होंने भक्तों को कहा कि खाली बैठना पाप है। अपने को व्यस्त रखो। शुभ कार्य नहीं कर सकते तो अशुभ कार्य और गलत सोचने से बचो। खाली मन अशुभ

कर्म ही करेगा। सेवा निवृत्त होने के बाद भी आप खाली मत बैठो। समाज सेवा, जन कल्याण, परोपकार के या फिर अन्य किन्हीं पवित्र कार्यों में अपने आपको समर्पित कर दो। आपने कभी ध्यान दिया-? खाली बैठा इन्सान या तो समय से पहले बूढ़ा हो जाता है या बीमारियों का शिकारी बन जाता है। यदि तुम थककर बैठ गये तो फिर तुम पर बीमारियों की सेना ऐसा अटेक करेगी, कि कभी तुम उन बीमारियों से निकल नहीं पाओगे। बीमार होना सरल है लेकिन ठीक होने में वर्षों लग जाते हैं बाबू... इसलिए - नहीं इच्छा होने पर भी, शुभ कार्य करो और इच्छा होने पर भी गलत काम मत करो। ये जीवन में सफल होने का मूल मन्त्र है।

राजनीतिक संत कैलाश जोशी को किया याद

बागली। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके दिवंगत राजनेता कैलाश जोशी के 97वे जन्म दिवस अवसर पर उनकी राजनीतिक पाठशाला बागली एवं हाटपिपलिया में उनके अनुयायियों द्वारा पूरे याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया बागली स्थित थाना चौराहे पर उनकी प्रतिभा पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े लोग पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनकी की ईमानदारी के आदर्शों के विषय पर उद्बोधन दिया गया नगर पालिका भाषा के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता कमल बडोला मुकेश गुप्ता नगर परिषद उपाध्यक्ष आरती शिवहरे एवं बड़ी संख्या में बागली नगर परिषद के पार्षद इस दौरान उपस्थित रहे इसी प्रकार हाट पिपलिया में भी उनके स्मारक स्थल पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे.

सरकारी स्कूलों के 4200 बच्चों को 6 लाख की नि :शुल्क कॉपी वितरित

बागली। समाज प्रगति सहयोग के द्वारा प्रोत्साहित पुंजापुरा प्रगति समिति के अंतर्गत संचालित समूहों ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल प्रस्तुत की इन समूहों द्वारा अपने सामाजिक कोष के माध्यम से पुंजापुरा क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए निशुल्क कॉपी वितरण अभियान चलाया ।इस अभियान के तहत क्षेत्र के 48 सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से 12वीं तक के लगभग 4200 बच्चों को निशुल्क कॉपियां वितरित की गईं। वितरण की गई कॉपियों की कुल लागत लगभग 6 लाख रुपये रही। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष श्रीमती भूरी बछानिया एवं समिति सीइओ श् धर्मेन्द्र सिंह राजावत सहित अन्य ऑफिस स्टाफ मौजूद रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती भूरी बछानिया ने कहा कि समूहों के सामाजिक कोष का उपयोग समाज हित में हो, यही हमारी समिति का उद्देश्य है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की इंदौर से भोपाल तक निकाली गई साइकिल यात्रा

भौरासा। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की इंदौर से भोपाल तक निकाली जा रही शिक्षा न्याय साइकिल यात्रा का मंगलवार को देवास, होते हुए भौरासा फाटा, टोल टैक्स, नेवरी फाटे से होते हुए सोनकच्छ पहुंची जहां पर एक सभा का आयोजन हुआ जगह-जगह पूरे रास्ते भर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान, पूर्व मंत्री, व सोनकच्छ के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री सचिन यादव, तराना विधायक महेश परमार, मनोज राजानी, प्रमोद कुमार द्विवेदी इंदौर,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता साइकिल यात्रा में शामिल हुए।

26-27 जुलाई को होगा भारतीय किसान संघ का जिला प्रशिक्षण वर्ग

- हर तहसील में लगाए जाएंगे फलदार पौधे

देवास। भारतीय किसान संघ की जिला बैठक कृषि उपज मंडी, देवास में मालवा प्रांत के संगठन मंत्री अतुल माहेश्वरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान बलराम के पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, वृक्षारोपण, प्रशिक्षण वर्ग एवं किसानों की समस्याओं सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में तय किया गया कि 26 एवं 27 जुलाई को तहसील उदयनगर में दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा, जिसमें प्रांत, संभाग, जिला एवं तहसील स्तर के कार्यकर्ता भाग लेंगे। संगठन ने निर्णय लिया कि जिले की सभी सात तहसीलों में हरियाली अभियान के तहत फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगा। श्मशान घाट, शासकीय विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र तथा मंदिरों की खाली भूमि पर पौधे लगाए जाएंगे और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ता निभाएंगे। बैठक में मेरा गांवदूमेरे दो गांव अभियान को भी गति देने का निर्णय लिया गया। इसके तहत प्रत्येक कार्यकर्ता तीन गांवों को अपनाएगा, जहां नियमित मासिक बैठकें आयोजित होंगी तथा संगठन के चारों प्रमुख उत्सव भी वहीं मनाए जाएंगे। इसके अलावा 30 सितंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन में देवास जिले से बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में रेलवे एवं सड़क निर्माण से प्रभावित किसानों की समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

एक नजर देवास के मल्हार स्मृति ऑडिटोरियम में एक दिनी कार्यशाला में बताए स्वच्छता के टिप्स

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू होने पर सफाई मित्रों को दिया प्रशिक्षण

देवास। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पूरे देश में लागू किया गया। नियमों के निर्देशानुसार इसका क्रियान्वयन करने के लिए जिला एवं निगम प्रशासन के द्वारा मल्हार स्मृति आडिटोरियम में नगर निगम देवास एवं जिले की नगर परिषदों के पदाधिकरियों एवं सफाई मित्रों के साथ स्वच्छता संबंधि नियमों के पालन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ निगम सभापति रवि जैन के द्वारा कलेक्टर ऋतुराजसिंह, आयुक्त दलीप कुमार, निगम स्वास्थ्य समिती अध्यक्ष

धर्मेन्द्रसिहं बैस के साथ मॉ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया।

दृढ संकल्पित होकर जिले को स्वच्छता मे नम्बर वन बनाना है- सभापति- सभापति रवि जैन ने कहा कि हमारा म.प्र. स्वच्छ एवं स्वस्थ्य आप सभी सफाई मित्रों के कारण है। 1 अप्रेल 2026 से सर्वोच्च न्यायालय के नियम 2026 के अनुसार नियमो का पालन तथा स्वच्छता के लिये किये जा रहे कार्यो में ओर अधिक ध्यान आकर्षण करना होगा। इस कार्यशाला मे प्रशिक्षण प्राप्त कर देवास निगम के

साथ जिले की नगर परिषदों को भी दृढ संकल्पित होकर स्वच्छता के कार्यो को करना है ओर जिले को स्वच्छता मे नम्बर वन बनाना है।

कलेक्टर ने दिए नियमों के पालन के लिए दिशा निर्देश-कलेक्टर ऋतुराजसिंह ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के लागू होने पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि जिले में सभी नगर परिषदों द्वारा अपने शहर को स्वच्छ व सुन्दर रखने के लिय किये जाने वाले कार्यो के विषय में बताते हुए कहा कि अब ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कानूनी रूप से बंधनकारी रहेगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सॉलिड वेस्ट से हम सभी को चुनोती है इसके लिए हमे लगातार कार्य करना है। हमें निरंतर वार्डो मे हर गली मोहल्ले मे प्रतिदिन स्वच्छता का ध्यान रखना है। अब अधिक से अधिक नागरिकगण स्वच्छता के बारे मे जागरूक हो चुके हैं हमें वार्डो से कचरा संग्रहण वाहन मे ही गीला व सुखा कचरा डले, खुले प्लाटों मे कचरा ना डले, कचरे का रिड्युज एवं रिसायकल का कार्य भी घरों पर करने हेतु नागरिकों को ओर जगरूक करना होगा।